अध्याय 12

# दक्षिण अमेरिका

**इस अध्याय में आप सीखेंगे कि:**

- दक्षिण अमेरिका की भौगोलिक, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति क्या है।
- दक्षिण अमेरिका अन्य महाद्वीप से किन-किन कारणों से अलग है।

## परिचय (Introduction)

दक्षिण अमेरिका संसार का चौथा बड़ा महाद्वीप है। इसका लगभग दो तिहाई भाग विषुवत वृत्त के दक्षिण मे उष्ण कटिबंध मे फैला है। इस महाद्वीप का आकार त्रिभुजाकार है। उत्तर मे पनामा नहर बन जाने के पश्चात् यह उत्तरी अमेरिका महाद्वीप से पृथक हो गया है। दक्षिण में ड्रेक-पैसेज इसे अंर्टाकटिका महाद्वीप से पृथक करता है। इस महाद्वीप का उत्तरी भाग काफी चौड़ा है किन्तु दक्षिण की ओर यह क्रमशः पतला होकर प्रायद्वीप बनता हैं। इसका दक्षिणतम सिरा हार्न अंतरीय है। इस महाद्वीप से मकर रेखा, बिल्कुल मध्य से गुजरती है और विषुवत रेखा अमेजन बेसिन से होकर गुजरती है।

**ध्यातव्य हो कि**

दक्षिण अमेरिका, मध्य अमेरिका, मैक्सिको और वेस्टइंडीज को मिलाकर लैटिन अमेरिका कहते है। लैटिन प्राचीन रोमवासियो की भाषा थी जैसे अनेक भारतीय भाषाओं का विकास संस्कृत से हुआ है वैसे ही अनेक यूरोपीय भाषाओं जैसे—स्पेनी, पुर्तगाली, फ्रांसीसी तक इतालवी की जननी लैटनी है। इन भाषाओं को बोलने वाले लोगो को लैटिन कहते है। 16वी शताब्दी मे पुर्तगाल और स्पेन से बड़ी संख्या में लैटिन लोग आकर इस भाग मे बस गये। इसलिए इस महाद्वीप को लैटिन अमेरिका कहा जाने लगा।

इस महाद्वीप मे कुल 15 देश हैं—सबसे बड़ा देश—ब्राज़ील, सबसे छोटा देश—फ़ॉकलैंड।

## भौतिकी भूगोल (Physical Geography)

### सागर, समुद, जलसन्धि (Ocean, Sea, Strait)

**महासागरः** दक्षिण अमेरिका के पूर्व मे अटलांटिक महासागर और पश्चिम मे प्रशान्त महासागर अवस्थित है।


**सागरः** दक्षिण अमेरिका के उत्तर मे कैरेबियन सागर है।

**जलसंधिः**
- *मैगलन जलसंधि*—यह प्रशान्त महासागर को अटलांटिक महासागर से जोड़ती है।
- ड्रेक *पैसेज*—यह अंर्टाकटिका को दक्षिण अमेरिका से अलग करता है और प्रशान्त महासागर को अटलांटिक महासागर से जोड़ता है।

**पनामा नहरः** यह अटलांटिक महासागर (कैरीबियन सागर) को प्रशान्त महासागर से जोड़ती है और ये पूर्वी U.S.A को पश्चिम U.S.A के मध्य मार्ग को कम करती है।

### खाड़ी

- दारीन की खाड़ी
- सान जॉर्ज की खाड़ी
- पनामा की खाड़ी
- मच्छरों की खाल
- श्वायाकिल की खाड़ी




चित्र 12.1: दक्षिण अमेरिका

| खाड़ी | बेय |
|---|---|
| जिसका सागरवर्ती भाग सकरा व स्थलवर्ती भाग चौडा होता है खाड़ी कहलाता है। | जिसका सागरवर्ती भाग चौडा व स्थलवर्ती भाग सकरा होता है बेय कहलाता है। |

## बेय

- मारोजो बेय
- साओ मार्कोस बेय

## द्वीप

- **गैलापागोस द्वीप समूह**—यह प्रशान्त महासागर मे स्थित है और इक्वाडोर देश के अन्तर्गत आता है।
- **फाकलैंड द्वीप समूह**—य द. अटलांटिक महासागर में स्थित द्वीप है और यू. के. के अन्तर्गत आता है।

## पर्वत

- **एन्डीज पर्वत शृंखला**—ये दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी भाग मे विस्तृत है। यह विश्व की सबसे लम्बी वलित पर्तत श्रेणी है। इसका निर्माण द. अमेरिकी प्लेट और प्रशान्त कहासागरीय प्लेट के अभिशरण (टकराने) से हुआ है। उत्तर मे यह तीन श्रेणियो मे विभाजित है—
  - (i) पश्चिमी कार्डिलेरा
  - (ii) मध्य कार्डिलेरा
  - (iii) पूर्वी कार्डिलेरा
- **एकान्कागुआ**—यह अर्जेटीना मे स्थित, दक्षिण अमेरिका का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर है।
- **सेरो ओजास डेल सलाडो**—यह अर्जेटीना व चिली की सीमा पर स्थित विश्व का सबसे ऊँचा सक्रिया ज्वालामुखी पर्वत है।
- **चिम्बोराजो**—ये इक्वाडो मे स्थित सुबत ज्वालामुखी पर्वत है।
- **कोटोपैक्सी**—ये इक्वाडो मे स्थित सक्रिय ज्वालामुखी पर्वत है।

## मैदान

- **बोलीविया पठार**—यह बोतिविया मे स्थित अन्तरापर्वतीय पठार है।
- **पेंटागोनिया पठार**—यह अर्जेटीना मे एण्डीज पर्वत के पूर्वी ढाल पर विस्तृत एक पर्वतापदीय पठार है।
- **माटो ग्रोसो पठार**—यह ब्राज़ील मे अवस्थित गुम्बदाकर पठार है और ये कई नदिया का उद्गम स्रोत है।

## आइलैंड

- **गुयना उच्चभूमि क्षेत्र**—यह वेनेजुएला, गुयना, सुरीनाम, फेंच गुयना एवं उ. ब्राज़ील मे विस्तृत भूमि क्षेत्र है। यहाँ धात्विक खनिज सम्पदा के प्रचुर भंडार पाये जाते है और ये कई नदियो के उद्‌गम स्रोत हैं।
- **ब्राजीलियन उच्च भूमि क्षेत्र**—ये ब्राज़ील के पूर्वी भाग मे विस्तृत उच्च भूमि क्षेत्र है। यहाँ धात्वक खनिज सम्पदा के प्रचुर भंडार पाये जाते है।

## झील और नदी

**माराकैबो (Maracaibo Lake)**—यह वेनेजुएला मे स्थित लैगून झील है। यहाँ खनिज तेल एवं प्राकृतिक गैस के प्रचुर भण्डार पाए जाते है।

**ध्यातव्य हो कि**

समुद्र तट से पृथक होकर तटीय क्षेत्रो मे निर्मित छिछली खारे पानी की झीले लैगून झीले कहलाती है।

**टिटिकाका झील**—यह पेस और बोलिविया मे स्थित विश्व की सबसे अधिक ऊचाई पर स्थित नौकायन झील है।

**मारा चिकूटा झील**—यह अर्जेटीना में अवस्थित है।

### *नदी*

**ओरोनिको गुआना**

ये गुयना उच्च भूमि से निकलकर, डेल्टा बनाती हुई अटलांटिक महासागर मे गिरती है। इस पर केरू जल विद्युत परियोजना स्थापित है यह बेनेजुएला को जल विद्युत ऊर्जा उपलब्ध कराती है। ओरीनिका नदी बेसिन मे खनिज तेल के भण्डार पाये जाते है।

**मगदलेना नदी**

यह कोलंबिया मे एण्डीज पर्वत से निकलकर कैरेबियन सागर मे गिरती है। इस नदी घाटी मे पेट्रोलियम एव प्राकृतिक गैस के भंडार पाये जाते है।

**अमेजन नदी**

यह पेरू मे एण्डीज पर्वत से निकलकर पूर्व की ओर बहती हुई ब्राज़ील को पारकर अटलांटिक महासागर मे गिरती है। यह विश्व की सबसे बड़ी नदी और दूसरी सबसे लंबी नदी है। इसकी सहायक नदिया—नेग्रा, जापुरा, तापाजोस, रियोग्रीनो मैडीरा तथा टोकिटनस इसकी मुख्य सहायक नदिया है।

**साओ फ्रान्सिका नदी**

यह ब्राज़ील मे ब्राज़ील उच्च भूमि से निकलकर अटलांटिक महासागर मे गिरती है। इस पर पालो अफोसो जल प्रदात्त स्थित है।

**पराना नदी**

ब्राज़ील की उच्च भूमि से निकलकर, अटलांटिक महासागर मे गिरती है। इस पर गुयारा जलप्रपात और इगासू जलप्रपात स्थित है।

**ध्यातव्य हो कि**

**सिनकोना**—इसकी छाल से कुनैन प्राप्त किया जाता है जिसे मलेरिया के उपचार मे प्रयोग मे लाया जाता है।

**कर्नोबा**—इससे मोम प्राप्त किया जाता है। जिसका प्रयोग जूतो की पालिश, मोमबत्ती तथा फर्नीचर की पालिश के लिये किया जाता है।

**महोगनी**—कठोर लकड़ी प्राप्त की जाती है। कठोर लकड़ीवाले इस वनों में वाल्सा नामक संसार की सबसे हल्की लकड़ी मिलती है।

**चिकिल**—चिकिल से चुइंगम बनाया जाता है।

अमेजन नदी द्रोणी रबड के वृक्षो का मूल स्थान है इसलिए इस क्षेत्र को जंगली रबड का घर कहा जाता है। अमेजन बेसिन को विश्व का फेफड़ा कहा जाता है क्योकि विश्व की 22% आक्सीजन यही पायी जाती है यहाँ एक ही जलवायु प्रदेश के अन्तर्गत विश्व की सर्वाधिक जैव विविधता पायी जाती है।

पराना नदी पर इवापू जल विद्युत परियोजना स्थित है। यह ब्राज़ील को 60% जल विद्युत उपलब्ध कराती है। इसकी सहायक नदियो में—पराग्वे, पिल्कामोया, सलाडो

पराग्वे की राजधानी अंसुकिओन (Asuncion), पराग्वे नदी के किनारे स्थित है।

**कोलोरेडो नदी**

यह नदी एण्डीज पर्वत से निकलकर, अर्जेन्टीना मे बहती हुई, अटलांटिक महासागर में गिरती है।

## जलवायु और स्थानीय पवन

दक्षिण अमेरिका का अधिकांश भाग विषुवतीय रेखा व मकर रेखा के मध्य मे स्थित है और यहाँ से विषुवत एवं मकर रेखा गुजरती है इसलिए विश्व का दूसरा उष्णकटिबन्धीय महाद्वीप कहा जाता है। यहाँ पर पायी जाने वाली जलवायु प्राय: गर्म है।

### *विषुवती रेखीय जलवायु*

इस प्रकार की जलवायु दक्षिण अमेरिका के ब्राज़ील, पेरू, कोलंबिया, द. गुयना, द. बेनेजुएला एवं द. सूरीनाम मे पायी जाती है। इस जलवायु प्रदेश मे वर्ष भर उष्ण आद्र जलवायु पायी जाती है। यहाँ मिश्रित प्रजाति के सघन एवन एक साथ पाये जाते हैं यहाँ उष्ण कटिबन्धीय वर्षा वन को सैलवास कहा जाता है। यहाँ महोगनी, एबोनी, रोजबुड, चिकिल रबड़, कैबिनेट बुड, सिनकोना तथा कर्नोबा प्रकार के वृक्ष पाय जाते है।

### *सवाना जलवायु*

अमेजन वनो के उत्तर और दक्षिण मे अर्थात वेनेजुएला एवं ब्राज़ील मे सवाना प्रकार की जलवायु पायी जाती है। ये घास भूमि प्रदेश है। उत्तर में ओरोनिको नदी द्रोणी मे घास के प्रदेशो का स्थानीय नाम लोनोस है। दक्षिण

मे ब्राज़ील के मध्यवर्ती भाग मे इन्हे केपोस कहते है। इस प्रदेश मे साल के कुछ महीने सूखे रहते है। वर्षा मुख्यरूप से ग्रीष्म ऋतु मे होती है। केपांस क्षेत्र मे येर्वा मुख्य वृक्ष है इस वृक्ष की पत्तियो को चाय की पत्तियो के समान ही उबालकर पेय पदार्थ के रूप मे प्रयोग किया जाता है।

### *उपोष्ण जलवाय*

यह उत्तरी अर्जेटीना और पश्चिमी पराग्वे के निम्नभूमि प्रदेशो में वर्षा ग्रीष्म ऋतु सूखी रहती है। यहाँ वर्षा बहुत अधिक होती है। यह प्रदेश घने वनो और घास से ढके है। स्थानीय लोग इस प्रदेश को ग्रान चाको कहते है। ग्रान चाको के वनो का प्रमुख पेड क्वेब्रेको है जिसका अर्थ है कुल्हाडी तोडने वाला। इस वृक्ष से टैनिक अम्ल निकाला जाता है, जिसका उपयोग चमड़ा जमाने और रंग रोगन में किया जाता है।

### *उष्णमरूस्थलीय जलवायु*

दक्षिण पेरू तथा उत्तरी चिली के कुछ भागो में गर्म मरूस्थलीय जलवायु पायी जाती है। इस प्रदेश को अटाकामा का मरूस्थल कहते है। उत्तरी चिली में स्थित अरिका (Arica) विश्व का शुष्कतम स्थल है। नागफनी तथा कंटीली झाडियाँ इस प्रदेश की प्राकृतिक वनस्पतियाँ है।

### *भूमध्यसागरीय जलवायु*

अटाकामा मरूस्थल के दक्षिण में अर्थात मध्य चिली मे भूमध्य सागरीय जलवायु पायी जाती है। इस प्रदेश में वर्षा शीत ऋतु मे होती हैं और ग्रीष्म ऋतु शुष्क और गर्म रहती है। यहाँ सदाबहार वृक्ष मिलते है ओक, अखरोट, चेस्टनट, अंजीर के पेड़ इस प्रदेश के सामान्य वृक्ष है। यहाँ अंगूर और संतरे की भी कृषि की जाती है।

### *महासागरी जलवायु*

महाद्वीप के सुदूर दक्षिण अर्थात दक्षिणी चिली में महासागरीय जलवायु पायी जाती है। यहाँ साल भल वर्षा होती है। यह प्रदेश शीतोष्ण कटिबंध मे है। अतः यहाँ की जलवायु शीतल है। इस प्रदेश में शीतोष्ण मिश्रित्र वन पाये जाते है। चीड और बीच इन वनो के मुख्य वृक्ष है।

## वन्य प्राणी (Wild Life)

दक्षिण अमेरिका विशेषतया अमेजन नदी की द्रोणी मे विविध प्रकार के वन्य प्राणी बहुत बड़ी संख्या में मिलते है। यहाँ लगभग 1500 जातियो के रंग-बिरंगे पक्षी पाये जाते है। दक्षिण अमेरिका को 'पक्षियो का महाद्वीप' कहा जाता है।

**तालिका 12.1: दक्षिण अमेरिका के प्रमुख पक्षी और वन्य प्राणी**

| पक्षी/वन्य प्राणी | | विशेषता |
|---|---|---|
| केंडोर | — | संसार का सबसे बडा शिकारी पक्षी |
| रीआ | — | न उड़ पाने वाला पक्षी (यह हमे द. अफ्रीका के शुतुरमुर्ग) तथा ऑस्ट्रेलिया के ऐमू पक्षी की याद दिलाता है। |
| एनाकोंडा | — | यहाँ का विशाल अजगर है जो 10 मीटर तक लम्बा होता है। |
| ऐंट ईटर तथा आर्मेडिलो | — | यहाँ के विचित्र जानवर हैं। ये बहुत प्राचीन काल के स्तनधरी जीवो में से बचे रह गये हैं। |
| प्यूमा | — | यह सिंह परिवार का खतरनाक जानवर है, ये चीते से अधिक बलवान होता है। |
| जगुआर | — | यह प्यूमा की भांति एक शिकारी जानवर है।<br>***नोट***—यह सिंह परिवार का खतरनाक जानवर है यह चीते से अधिक बलवान होता है। |
| लामा | — | एडीज पर्वतमाला के ऊचे भागों में इन्हे बोझा ढोने के काम मे लाया जाता है यह लंबी गर्दन वाले ऊँठ प्रजाति के हैं। |
| अल्पाका | — | लामा की एक छोटी किस्म है यह भी एण्डीज के ऊँचे पठारो में रहते है। |
| ग्वानको | — | यह एक जंगली लामा है जो पेटागोनिया के मरूस्थल मे पाया जाता है। |

## रेगिस्तान (Desert)

**अटाकामा मरूस्थल**—यह उत्तरी चिली व पेरू के दक्षिण मे विस्तृत है। यह मरूस्थल विश्व का शुष्कतम मरूस्थल है।

**पेटागोनियन रेगिस्तान**—यह अर्जेन्टीना मे विस्तृत है। यह वृष्टि छाया प्रदेश (Rain Shadow Region) के अन्तर्गत आता है इसलिए यहाँ वर्षा कम होती है। यह अर्धशुष्क मरूस्थल है। यह प्रदेश भेड़ पालन के लिये जाना जाता है। यहाँ लामा और अल्पाका पाये जाते हैं।

# आर्थिक भूगोल (Economical Geography)

## कृषि स्थानान्तरिक कृषि

| | | |
|---|---|---|
| रोका | — | ब्राज़ील मे स्थानान्तरित कृषि को रोका कहते हैं। |
| फोनुको | — | बेनेजुएला मे स्थानान्तरित कृषि को कोनुको कहते हैं। |

**तालिका 12.2: प्रमुख फसले (नकदी) देश**

| | |
|---|---|
| कहवा | ब्राज़ील (ब्राज़ील में कहवा के बागानौ का फजेण्डा कहते है)कोलम्बिया कोलम्बिया मे कहवा के बगानो को फेन्का कहते है (ब्राज़ील मे टेरारोक्सा मृदा को कहवा मृदा के नाम से जाना जाता है) |
| कोको | ब्राज़ील, कोलम्बिया और वेनेजुएला में होती है। |
| कपास | ब्राज़ील |
| गन्ना | ब्राज़ील (यह विश्व मे सबसे बडा गन्ने का उत्पादक देश है) |
| रबड | ब्राज़ील, कोलम्बिया |

| *प्रमुख फसले (खाद्यान्न)* | *देश* |
|---|---|
| गेहूँ | अर्जेन्टीना, पराग्वे |
| रसदारफल | चिली |

## वाणिज्यिक पशुपालन

ब्राज़ील — ब्राज़ील पशुओ की संख्या मे विश्व मे प्रथम स्थान पर है।

ऊरूग्वे — ऊरूगवे की 5% अर्थवरूवस्थ पशुपालन पर आधारित है तथा यहाँ की गाये ज्यादा दूध देती है।

**तालिका 12.5: दक्षिण अमेरिका के प्रमुख खनिज**

| प्रमुख खनिज | देश |
|---|---|
| लौह अयस्क | ब्राज़ील |
| मेग्नीज | ब्राज़ील (मैग्नीज उत्पादन मे ब्राज़ील इस महाद्वीप के प्रथम रखता है) |
| टिन | वोलीविया (टिन के उत्पादन मे बोलीविया का विश्व मे चौथा स्थान है) |
| टगस्टन | बोलीविया |
| चाँदी | पेरू |
| ताबाँ | चिली (चिली को विश्व तावे की राजधनी भी कहा जाता हैं चिली का चुम्कीकमाता पठार ताँबे के उत्पादन के लिए विख्यात है। |
| वाक्साइट | गुयाना सूरीनाम |
| सोना | पेरू, ब्राज़ील, अर्जेन्टीना |
| पेट्रोलियम | वेनेजुएला (ओपेक का सदस्य और इस महाद्वीप का सबसे बडा पेट्रोलियम उत्पादक देश है) |
| प्राकृतिक गैस | कोलम्बिया, अर्जेन्टीना |
| यूरेनियम | ब्राज़ील, अर्जेन्टीना |
| फॉस्फेट | पेरू |

## जनजातियाँ (Tribes)

दक्षिणी अमेरिका के मूल निवासी रेड इंडियनो (मंगोल प्रजाति) को माना जाता है।

| बोरो | ब्राज़ील |
|---|---|
| मिश्रित्र प्रजाती के लोग | |
| इण्डियन + यूरोपियन | मेस्टीजा (White) |
| इण्डियन + अश्वेत | जैम्बो |
| अंश्वेत + यूरोपीय | मुलाटो (White) |

### ध्यातव्य हो कि

- मेनासगेरास यह ब्राज़ील मे स्थित सबसे अधिक खनिज सम्पदा वाला स्थान है।
- पेरू के तट के पास गुआना द्वीप मे संसार के सबसे अच्छे ग्वानो खाद्य (पक्षियो का बीट) के भंडार है जो एक प्राकृतिक खाद है। बिना वर्षा वाले इन मरूस्थलीय द्वीपो मे बहुत बड़ी संख्या में गुआना पक्षी रहते है सैकड़ो वर्षो से लोग इस खाद्य का प्रयोग विभिन्न फसलो मे करते आ रहे है। गन्ने और कपास की फसल के लिए आजकल इस खाद की बहुत मांग है।

सुरीनाम, गुयाना, त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय मूल के लोग बड़ी संख्या में बसे है। इजरायल के बाद विश्व मे यहूदियो की सबसे अधिक संख्या अर्जेन्टीना में है।

## अन्य

**इस महाद्वीप का ट्रांस**—इंडियन रेलमार्ग प्रशान्त महासागर को अटलांटिक महासागर से जोड़ता है (वालपरे जो (प्रशान्त महासागर) से ब्यूनस आर्यर्स (अटलांटिक महासागर) तक)

**तालिका 12.7: दक्षिण अमेरिका के प्रमुख शहर**

| शहर | देश | विशेषता |
|---|---|---|
| साओपालो | ब्राज़ील | दक्षिण अमेरिका का सबसे बडा शहर (जनसंख्या के आधार पर) है इसे ब्राज़ील का कहवा मण्डी एवं प्रमुख औद्योगिक शहर कहा जाता है। |
| सेन्तोस | ब्राज़ील | ब्राज़ील का कहवा पत्तन है। यही से ब्राज़ील कहवा का निर्यात करता है। |
| रियोडि जेनेरियो | ब्राज़ील | यहाँ विश्व में प्रथम पृथ्वी शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया था। यह ब्राज़ील का प्रमुख औद्योगिक शहर भी है। |
| माउण्ट वीडिया | उरूग्वे | यह उरूग्वे का प्रशासनिक शहर है मांस का निर्यातक है। |
| ब्यूनस आयर्स | अर्जेन्टीना | यह अर्जेन्टीना का प्रमुख गेहूँ निर्यातक शहर है। |

भूमध्य रेखा को स्पर्श करने वाले देश—इक्वाडोर, कोलंबिया, ब्राज़ील
मकर रेखा को स्पर्श करने वाले देश—सर्दी, अर्जेंटीना, परागुए, ब्राज़ील

## अध्याय सार संग्रह

- दक्षिण अमेरिका भौगोलिक दृष्टि से संसार का चौथा सबसे बड़ा महाद्वीप है।
- गुयाना पठार पूर्वी उच्च भूमि में स्थित है, यहाँ विश्व का सबसे ऊँचा प्रपात 'एंजिल' मिलता है।
- ब्राज़ील, कोलम्बिया और इक्वाडोर संसार में कहवे के सबसे बडे उत्पादक है।
- ब्राज़ील में कहवे के बड़े-बड़े बागान मिलते हैं जिन्हें फजेंडा कहा जाता है।
- चिली का 'चुक्कीकमाता' पठार तांबे से उत्पादन के लिए विश्व प्रसिद्ध है इसे 'ताँबे की राजधानी' के नाम से सम्पूर्ण विश्व में जाना जाता है।
- दक्षिण अमेरिका के मूल निवासियों को 'रेड इंडियन' भी कहा जाता है।
- दक्षिण अमेरिका के विषुवतीय प्रदेशों में 'वाल्सा' नामक लकड़ी पायी जाती है जिससे जीवन रक्षक नौकाएं एवं कॉर्क बनाई जाती है।
- दक्षिण अमेरिका में सिनकोना वृक्ष पाये जाते है जिससे मलेरिया की दवा कनैन, स्वास्थ्य हितकारी सिद्ध हुई है।
- सर्वाधिक जल विद्युत उत्पादन पराना नदी पर 'इटेटु' बहुउद्देशीय परियोजना में किया जाता है।
- ब्राज़ील में सर्व प्रथम 'वोल्टा-रिटोन्डा' इस्पात कारखाना स्थापित किया गया।
- टेराडेल फ्यूगो द्वीप, अर्जेटीना के दक्षिण भाग में स्थित है जो मैगलन जलसंधि द्वारा पृथक होता है।
- पशुपालन के वृहद स्तर के केन्द्रों को 'एस्टेशिया' कहा जाता है तथा 'अल्फाल्फा' घास उगाई जाती है जो पशुओं का प्रिय भोजन है।